## एक नजर में

### आदित्य सागर की मंगल अगवानी हुई



इंदौर . अंजनी नगर, एयरपोर्ट रोड स्थित पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर पर आचार्य विशुद्धसागर के परम प्रभावक मुनि आदित्य सागर, मुनि अप्रमित सागर, मुनि सहज सागर एवं क्षुल्लक श्रेयस सागर की भव्य अगवानी बुधवार को पूरे उत्साह के साथ सम्पन्न हुई . मुनि की अगवानी में ऊंट, घोड़े, बैंड बाजे एवं उज्जैन के भस्म रम्य्या ग्रुप के कलाकारों ने भी उत्साह के साथ भाग लिया . मार्ग में जगह-जगह समाज बंधुओं ने मुनिश्री के पद प्रक्षालन कर महिला-पुरुषों ने परंपरागत परिधान में सज-धजकर उनकी अगवानी की . प्रचार मंत्री नितिन पाटोदी एवं रिषभ पाटनी ने बताया कि इस अवसर पर सामाजिक संसद के महामंत्री देवेंद्र सोगानी, सचिव संजय मोदी, कोषाध्यक्ष अशोक टोंग्या, ट्रस्टी दिलीप लुहाड़िया, चंद कुमार गोधा, राजेश काला हेमंत गदिया, प्रवीण रामावत अन्य समाजजन, युवा मंडल के अध्यक्ष आयुष काला, अंकित गंगवाल, कुणाल सोगानी, सौरभ जैन, अवशेष कसलीवाल, अर्पित जैन सहित महिला मंडल द्वारा मुनिराज को अंजनि नगर में 2026 के चातुर्मास हेतु श्रीफल भेंट किया गया . इस मौके पर दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी, नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनय बाकलीवाल, पिंकेश टोंग्या, जिनेश झांझरी, नकुल पाटोदी एवं अन्य संगठनों के प्रतिनिधि भी अपनी टीम के साथ विशेष रूप से उपस्थित रहे . आभार माना राजेश गोधा ने .

### बाबा की पालकी के लिए घर-घर सजाए दीपक



इंदौर . श्री केंद्रीय साई सेवा समिति के तत्वावधान में चल रहे 32 वें साई बाबा महोत्सव में प्रतिदिन सुबह प्रभात फेरी एवं साई बाबा की पालकी यात्रा के क्रम में बुधवार को जिंसी, राधा नगर, नीलकंठ कॉलोनी एवं चौथी पल्टन पुलिस लाइन सहित समूचा क्षेत्र साई बाबा के जयघोष से गुंजायमान बना रहा . घर-घर बाबा की पालकी का पूजन हुआ है, भक्तों ने घरों के सामने रंगोली एवं दीप सजा कर अपनी श्रद्धा भक्ति का इजहार किया . बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों और उनके परिजनों ने भी बाबा की पालकी का पूजन किया . बुधवार को निकली इस यात्रा की सभी व्यवस्थाएं मातृशक्ति ने बखूबी संभाली। श्री केंद्रीय साई सेवा समिति के अध्यक्ष गौतम पाठक, प्रदीप यादव और समीर जोशी ने बताया कि सैकड़ों साई भक्तों की मौजूदगी में चंद्रशेखर पंवार के निवास पर बाबा की पालकी के पूजन के साथ प्रभात फेरी का शुभारंभ हुआ . कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कृपाशंकर शुक्ला भी भाव-विभोर होकर बाबा की पालकी का पूजन करने आए . इस दौरान राधा नगर, नीलकंठ कॉलोनी, चौथी पलटन, मल्हार पलटन, तम्बोली बाखल, रामगंज, जिंसी एवं अर्जुन पलटन सहित पूरे क्षेत्र को दुल्हन की तरह सजाया गया था . समापन अवसर पर आयोजित महाआरती में आलोक खादीवाला, पिंकी भाटिया, चिराग तिवारी, मोहन पहलवान, ज्ञानेश्वर होलकर, भाऊ शिंदे, संतोष भुसारी, बंटी यादव खलीफा, विशाल सोनी, अंकित यादव पहलवान, भुरु यादव, पिंटू यादव, अमन तिवारी, उमंग कौशल, अमन कसेरा सहित सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया .

### एक-दूसरे के प्रति विश्वास बिना गृहस्थी नहीं चल सकती

इंदौर . हमारी गृहस्थी की गाड़ी भी श्रद्धा और विश्वास के दो पहियों पर ही चलती है . दोनों पहियों में संतुलन बनाकर



रखना हमारे विवेक पर निर्भर है। भगवान शिव करूणा के अवतार हैं . करुणा अर्थात प्राणी मात्र के लिए सदभाव। केवल ईश्वर की पूजा करने और संसार के प्राणियों से बेर भाव रखने वालों से शिव कभी प्रसन्न नहीं हो सकते । .शिव पुराण कथा पाप से निवृत्त होने की कथा है। शिव श्रद्धा और पार्वती विश्वास के प्रतीक हैं . गृहस्थ धर्म को सबसे बड़ा और चुनौतीपूर्ण कर्तव्य माना गया है . प्रख्यात आचार्य पं . विष्णुदत्त शर्मा महर्षि ने बुधवार को श्रीनगर मेन स्थित गार्डन पर खत्री महिला मंच एवं खत्री सभा इंदौर की मेजबानी में चल रही महाशिवपुराण कथा के तीसरे दिवस उपस्थित भक्तों को शिव-पार्वती विवाह सहित विभिन्न प्रसंगों की व्याख्या के दौरान उक्त दिव्य विचार व्यक्त किए . कथा के दौरान शिव-पार्वती विवाह का जीवंत उत्सव भी धूमधाम से मनाया गया . ढोल-ढमाकों सहित नंदी बैल एवं गाड़ी में सवार भगवान शिव की बारात भी निकाली गई और वर-वधू पक्ष की ओर से मेहमानों का स्वागत भी किया गया ।प्रारंभ में खत्री सभा के अध्यक्ष प्रदीप बिरदी, प्रबोध आहूजा, निर्मल महरा, श्याम मेहता तथा महिला मंच की ओर से श्रीमती रीता टंडन, श्रीमती उर्वशी बिरदी, ममता सेठ, साधना कपूर, इंदु टंडन, वंदना मेहता, रेणु टंडन, पूनम चोपड़ा एवं श्रीमती मोहिनी भयाना आदि ने वैदिक मंगलाचरण के बीच व्यास पीठ की पूजा-अर्चना की . महिला मंच की प्रमुख श्रीमती रीता टंडन एवं ममता सेठ ने बताया कि आचार्य पं . महर्षि यहां प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक शिव महापुराण कथा की संगीतमय कथामृत की वर्षा कर रहे हैं ।

### दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के चुनाव 15 को




इंदौर . दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद कीर्ति स्तंभ इन्दौर के चुनाव 15 मार्च को प्रस्तावित हैं . जैन संसद चुनाव में प्रत्याशी आनंद गोधा को सभी समाज जनों से भरपूर समर्थन एवं आशीर्वाद मिल रहा है . सामाजिक संसद के 735 सदस्य है, जो कि 15 मार्च को उदासीन आश्रम मे सुबह 11 से 4 बजे तक मतदान करेगें . प्रवीण जैन बताया कि यह चुनाव आनंदगोधा एवं दिलिप पाटनी से युवा बनाम बुजुर्ग के बीच हो रहा है . आनंद गोधा रोज सभी मंदिरो पर जाकर समाज की मीटिंग कर रहें है . इसी के तहत आज सुधामा नगर जैन मंदिर, राजकुमार मील शांतिनाथ दि . जैन मंदिर एवं अंजली नगर के आस पास बीस मंदिरों की मीटिंग की गई . गोधा के साथ समाज के एमके जैन, नवीन गोधा, सुभाष सेठिया, हर्ष जैन, संजय जैन, बाहुबली जैन के साथ सभी समाज जन शामील हुए .

### जोनल डेफ क्रिकेट चैंपियनशिप का आगाज



इंदौर . इंडियन डेफ क्रिकेट एसोसिएशन (आईडीसीए) की 7वीं वन डे नेशनल जोनल डेफ क्रिकेट चैंपियनशिप 2026 का आगाज़ हो चुका है। इंदौर के द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल में भव्य उद्घाटन समारोह के साथ शुरू हुए इस टूर्नामेंट को बीसीसीआई का सहयोग प्राप्त है . साथ ही, इसे डेफ इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल तथा एशियन डेफ क्रिकेट एसोसिएशन की मान्यता भी मिली हुई है . टूर्नामेंट के सभी मुकाबले एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल परिसर के चार अलग-अलग मैदानों पर खेले जाएँगे . इस अवसर पर द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल के स्पोर्ट्स ऑफिसर अकरम खान व विकास राजोरा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे . इस चैंपियनशिप की मेजबानी मध्य प्रदेश क्रिकेट फॉर द डेफ (एमएससीडी) कर रहा है। 11 से 15 मार्च, तक चलने वाले इस सप्ताहभर के टूर्नामेंट में देश के अलग-अलग हिस्सों से आए सुनने में अक्षम कई प्रतिभाशाली क्रिकेटर मैदान पर अपने हुनर का परचम लहराएँगे . चैंपियनशिप के बारे में बात करते हुए आईडीसीए के अध्यक्ष सुमित जैन ने कहा 7वीं वन डे नेशनल जोनल डेफ क्रिकेट चैंपियनशिप सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है, बल्कि हमारे खिलाड़ियों के जज्बे, हिम्मत और प्रतिभा का उत्सव है . . आईडीसीए की सीईओ रोमा बलवानी ने कहा हमें खुशी है कि देशभर से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ी यहाँ खेल के जरिए यह दिखा रहे हैं कि खेल में एकजुटता कितनी महत्वपूर्ण है .

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव की ढाल है एचपीवी वैक्सीन

- इंदौर में 38 केंद्रों पर चल रहा टीकाकरण अभियान, अफवाहों से बचने की अपील



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** महिलाओं में तेजी से बढ़ रहे गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन को प्रभावी सुरक्षा कवच बताया जा रहा है. इसी को लेकर बुधवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा मीडिया उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया कि यह वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और वर्षों से सफलतापूर्वक उपयोग में लाई जा रही है. उन्होंने आमजन से अपील की कि इस टीके को लेकर फैल रही भ्रांतियों और अप्रमाणिक जानकारी पर विश्वास न करें तथा पात्र किशोरियों को समय पर टीका अवश्य लगवाएं.

सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी ने बताया कि कार्यक्रम में प्रख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. आशा बक्षी, एमजीएम मेडिकल कॉलेज के स्त्री रोग विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. निलेश दलाल और विशेषज्ञ डॉ. वरुण गांधी मौजूद रहे. वहीं, डॉ. आशा बक्षी ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन कोई नई नहीं है, बल्कि वर्ष 2003 से इसका उपयोग किया जा रहा है और इसके परिणाम बेहद सकारात्मक रहे हैं. उन्होंने कहा कि किशोरावस्था में यह टीका लगवाना सबसे उपयुक्त होता है, क्योंकि इससे भविष्य में सर्वाइकल कैंसर से मजबूत सुरक्षा मिलती है. जबकि डॉ. वरुण गांधी ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों ने व्यापक एचपीवी टीकाकरण के जरिए इस बीमारी पर लगभग नियंत्रण पा लिया है.

उन्होंने बताया कि भारत में भी सरकार यह टीका नि:शुल्क उपलब्ध करा रही है, इसलिए समाज के सभी वर्गों को आगे आकर इस अभियान को सफल बनाना चाहिए. एमजीएम मेडिकल कॉलेज के स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डॉ. निलेश दलाल ने कहा कि भारत सरकार की मंशा के अनुरूप इस टीकाकरण अभियान को सफल बनाना सभी की जिम्मेदारी है और इसके लिए जनजागरूकता बेहद जरूरी है. विशेषज्ञों ने बताया कि यह टीका 0.5 मिली की खुराक में बाएं ऊपरी हाथ में लगाया जाता है और समय पर टीकाकरण से भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है.

### 38 वैक्सीनेशन सेंटरों पर लग रहे टीके...

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ . माधव हासानी के अनुसार, इंदौर जिले में फिलहाल 38 वैक्सीनेशन सेंटरों पर एचपीवी टीकाकरण किया जा रहा है . यह अभियान विशेष रूप से 14 वर्ष की किशोरियों के लिए शुरू किया है, जिन्हें गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव के लिए यह टीका लगाया जा रहा है . स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार भारत में महिलाओं में होने वाले कैंसरों में सर्वाइकल कैंसर दूसरा सबसे आम कैंसर है . वर्ष 2022 में देश में इसके करीब 79 हजार नए मामले और 34 हजार से अधिक मौतें दर्ज की गईं . लगभग 99 .7 प्रतिशत मामलों का कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) होता है .

### एचपीवी वैक्सीन दुनिया के 148 देशों में शामिल

मई 2025 तक दुनिया के 148 देशों ने अपने राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में एचपीवी वैक्सीन को शामिल कर लिया है . वर्ष 2006 से अब तक दुनिया भर में 50 करोड़ से अधिक डोज दी जा चुकी हैं और इसकी सुरक्षा व प्रभावशीलता प्रमाणित है . भारत में सर्वारिक्स, गार्डासिल, गार्डासिल-9 और सर्वावैक वैक्सीन को उपयोग की अनुमति दी गई है . निजी बाजार में इसकी एक डोज की कीमत करीब 4 हजार रुपए तक है, जबकि सरकारी अभियान के तहत पात्र किशोरियों को यह टीका नि :शुल्क लगाया जा रहा है .

# भोजशाला विवाद में नया मोड़, 16 मार्च को दोनों पक्ष रखेंगे दलीलें

- एएसआई की 2189 पेज की रिपोर्ट हाईकोर्ट में पेश
- 98 दिन के वैज्ञानिक सर्वे के बाद तैयार हुई रिपोर्ट

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर/धार. धार की ऐतिहासिक भोजशाला को लेकर चल रहे लंबे विवाद में नया मोड़ आ गया है. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने करीब तीन महीने तक चले वैज्ञानिक सर्वेक्षण के बाद तैयार 2189 पेज की विस्तृत रिपोर्ट मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में पेश कर दी है. रिपोर्ट सामने आने के बाद मामले में हलचल तेज हो गई है और अब 16 मार्च को होने वाली अगली सुनवाई पर सभी की नजरें टिकी हैं.**

मिली जानकारी के अनुसार भोजशाला परिसर में एएसआई ने करीब 98 दिनों तक वैज्ञानिक पद्धति से सर्वे किया था. इस दौरान परिसर के विभिन्न हिस्सों में मौजूद संरचनात्मक अवशेषों, पत्थरों पर उकेरी गई आकृतियों, स्तंभों और स्थापत्य शैली का गहन अध्ययन किया. सर्वे में मिले साक्ष्यों का वैज्ञानिक परीक्षण कर उन्हें दस्तावेजी रूप में रिपोर्ट में शामिल किया गया है. हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने रिपोर्ट का अध्ययन करने के लिए दोनों पक्षों को दो सप्ताह का समय दिया था. अब 16 मार्च को होने वाली सुनवाई में दोनों पक्ष अदालत के समक्ष अपने-अपने तर्क और आपत्तियां रखेंगे. इस कारण भोजशाला से जुड़े इस मामले को लेकर धार सहित पूरे प्रदेश में उत्सुकता बनी हुई है. सूत्रों के मुताबिक सर्वे के दौरान परिसर में मंदिर से जुड़े स्थापत्य अवशेषों, प्राचीन स्तंभों, नक्काशीदार पत्थरों और अन्य संरचनात्मक साक्ष्यों का उल्लेख रिपोर्ट में किया है. इन सभी तथ्यों को एएसआई ने विस्तृत दस्तावेजी स्वरूप में न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है. रिपोर्ट सामने आने के बाद मंदिर पक्ष में उत्साह का माहौल है.

याचिकाकर्ता आशीष गोयल का कहना है कि सर्वे के दौरान मिले साक्ष्य यह संकेत देते हैं कि परिसर में पहले मंदिर था और बाद में वहां मस्जिद का निर्माण हुआ. वहीं, कमाल मौलाना वेलफेयर सोसायटी के सदर अब्दुल समद ने कहा कि उनकी ओर से रिपोर्ट का अध्ययन किया जा रहा है और 16 मार्च की सुनवाई में रिपोर्ट के विभिन्न पहलुओं पर अपनी आपत्तियां अदालत के सामने रखी जाएंगी.




# होली मिलन समारोह में कविताओं और रचनाओं की दी प्रस्तुति

**इंदौर. पोस्टमास्टर जनरल इंदौर परिक्षेत्र कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया.**

पोस्टमास्टर जनरल इंदौर परिक्षेत्र कार्यालय में प्रीति अग्रवाल पोस्टमास्टर जनरल इंदौर परिक्षेत्र की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में कार्यालय की सभी महिलाओं को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया. महिला कर्मचारियों द्वारा स्वरचित कविता एवं रचनाओं की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में महिला उपलब्धियां से संबंधित प्रश्नावली का भी आयोजन किया गया, जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया. कार्यक्रम के अंत में तिलक लगाकर होली एवं रंग पंचमी की शुभकामनाएं दी गई. संचालन श्रीमती पंखुड़ी भंसाली द्वारा किया गया.

# 83 वर्षीय महिला ने मृत्यु के बाद भी दिया जीवन का संदेश

- नेत्र-त्वचा व देहदान से किया समाज को प्रेरित



**इंदौर.** टेलीफोन नगर क्षेत्र में रहने वाली 83 वर्षीय धार्मिक प्रवृत्ति की स्वर्गीय मंगला सहाने ने अपने जीवन के बाद भी समाज के लिए मिसाल कायम की. मंगलवार को उनके निधन के बाद परिवार की सहमति से उनका नेत्रदान, त्वचादान और देहदान कराया गया. परिजनों के इस निर्णय को समाज में सेवा और मानवता की प्रेरणा के रूप में देखा जा रहा है.

दिवंगत के दामाद डॉ. प्रमोद बनसोड़ के अनुसार, मंगला सहाने ने जीवनकाल में ही जनवरी 2023 में महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इंदौर में देहदान का संकल्प पत्र भरकर अपना पंजीयन कराया था. उनके निधन के बाद पुत्री जयश्री और डॉ. प्रमोद बनसोड़ ने उनकी अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए नेत्र, त्वचा और देहदान की प्रक्रिया पूरी कराई. जानकारी के मुताबिक उनका नेत्रदान एमके इंटरनेशनल आई बैंक में, त्वचादान चोइथराम स्किन बैंक में तथा देहदान शासकीय एमजीएम मेडिकल कॉलेज, इंदौर को किया गया. अंतिम विदाई के समय मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा के तहत मध्यप्रदेश पुलिस ने दिवंगत को सम्मानपूर्वक गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया.

### शोधकार्य में मिलेगी मदद

विदाई कार्यक्रम में अमलतास मेडिकल कॉलेज की वाइस चांसलर और भोपाल शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के पूर्व डीन डॉ . सलिल भार्गव सहित मुस्कान ग्रुप के सेवादार संदीपन आर्य ने श्रद्धांजलि अर्पित की . वहीं महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ . राजेंद्र मार्को और उनकी टीम ने पार्थिव शरीर को पूरे सम्मान के साथ स्वीकार किया . माना जा रहा है कि इस दान से जहां नेत्रहीनों को नई रोशनी मिलेगी, वहीं मेडिकल विद्यार्थियों के अध्ययन और शोध कार्य में भी महत्वपूर्ण सहायता प्राप्त होगी .

# गलतियों को पहचानकर सुधार करें, सफलता अवश्य मिलेगी

- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सीएस सदस्यों का सेमिनार आयोजित




**इंदौर. भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) के इंदौर चैप्टर द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला सीएस सदस्यों के लिए एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया.**

इंदौर चैप्टर की सचिव सीएस सुरभि अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला उद्यमी सीएस पायल पाठक ने महिला सदस्यों को संबोधित किया. सीएस पायल पाठक ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि असफलता से कभी घबराना नहीं चाहिए. अपनी कमजोरियों और गलतियों को पहचानकर समय रहते उनमें सुधार किया जाए तो सफलता अवश्य प्राप्त होती है. उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ रहने के लिए प्रेरित किया. इस अवसर पर मुख्य वक्ता सीएस स्वाति नामदेव ने महिलाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की. उन्होंने स्टार्टअप्स तथा नए औद्योगिक परिप्रेक्ष्य में महिलाओं की बढ़ती भूमिका और अवसरों के बारे में जानकारी दी.

### राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान

इंदौर चैप्टर के चेयरमैन सीएस अंकित मेड़तवाल ने सभी महिला सदस्यों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाएं समाज का अभिन्न अंग हैं और राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है . कार्यक्रम में 60 से अधिक महिला कंपनी सचिव सदस्यों ने भाग लिया .



# गुलजार दादी की पुण्य स्मृति पर 'दिव्यता दिवस' मनाया

**इंदौर.** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी हृदयमोहिनी (गुलजार दादी) की पुण्य स्मृति में बुधवार को ओम शांति भवन में 'दिव्यता दिवस' श्रद्धा और भावपूर्ण वातावरण में मनाया गया. इस अवसर पर उपस्थित भाई-बहनों ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्श जीवन और आध्यात्मिक योगदान को याद किया. कार्यक्रम में वक्ताओं ने गुलजार दादी के प्रेरणादायी विचारों को साझा करते हुए कहा कि दादी जी हमेशा सकारात्मक सोच और आगे बढ़ने की प्रेरणा देती थीं. वे कहा करती थीं, जो बीत गया उसे पीछे मुड़कर देखने में कोई समझदारी नहीं है. जिसके साथ स्वयं भगवान है, उसकी सफलता निश्चित है. इस अवसर पर जस्टिस बीडी राठी, भ्राता सुरेश गुप्ता, भ्राता सागरमल, ब्रह्माकुमारी रेवती बहन तथा ब्रह्माकुमारी दीपाली बहन सहित अनेक भाई-बहनों ने स्नेहांजलि अर्पित की. श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी ने संकल्प लिया कि दादी जी द्वारा दिखाए गए आध्यात्मिक मार्ग और उनके मूल्यों को अपने जीवन में अपनाते हुए ईश्वरीय सेवा को आगे बढ़ाएंगे.




# नेशनल लोक अदालत की तैयारी तेज

**देपालपुर.** आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली इस वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को लेकर तहसील विधिक सेवा समिति देपालपुर के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने बुधवार को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. बैठक में बैंक एवं नगर परिषद के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों सहित अन्य मामलों के अधिकाधिक निराकरण के लिए समन्वित प्रयास करने पर जोर दिया गया.

जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने कहा कि नेशनल लोक अदालत न्याय को सरल, त्वरित और सुलभ बनाने का सशक्त माध्यम है, जिसके जरिए पक्षकारों को आपसी सहमति से शीघ्र और संतोषजनक समाधान प्राप्त होता है। उन्होंने बैंक प्रबंधन तथा नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में नियमानुसार अधिकतम छूट एवं राहत प्रदान करते हुए अधिक से अधिक मामलों का आपसी समझौते के माध्यम से निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि पक्षकारों को लंबे समय से लंबित विवादों से राहत मिल सके.

समीक्षा बैठक में एस.डी.ओ.पी. देपालपुर संघ प्रिय सम्राट, नगर निरीक्षक रणजीत सिंह बघेल, उप निरीक्षक भारत लाल यादव, बैंकों के प्रबंधक दीपक पाटीदार, प्रशांत जाटवा, एम.के. झा, हिमांशु जोशी, अनिल राठौर, दुर्गेश गुप्ता सहित समस्त नगर परिषदों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे.

**एक नजर में** | काव्य संध्या के साथ फ्लो इंदौर और आईआईआईडी इंदौर ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

# हृदयस्पर्शी रचनाओं ने सबको कर दिया मंत्रमुग्ध




**इंदौर.** कविताएँ केवल तुकबंदी नहीं होतीं- वे मन का आईना होती हैं, अपने वतन और रिश्तों के लिए सम्मान जगाने वाली अलार्म होती हैं, और जीवन की सुंदरता और वास्तविकता की याद दिलाने वाली अनमोल बातें होती हैं.

फ्लो इंदौर और इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंटीरियर डिजाइनर्स (आईआईआईडी) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रूहरंग नामक यह काव्य और कथन संध्या, शब्दों की ताकत और नारीत्व की भावना को सच्चे दिल से नमन करने का एक अनमोल अवसर थी. इस भावपूर्ण शाम में करीब 75 सदस्य उपस्थित थे. कार्यक्रम की शुरुआत हुई कवि पंकज दीक्षित से. उनकी धाराप्रवाह शैली और हृदयस्पर्शी रचनाओं ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया. उन्होंने स्त्री की बहुआयामी भूमिका- घर संवारने वाली, सब का ध्यान रखने वाली और सहारा देने वाली- को सम्मान देते हुए एक प्रभावशाली गद्य सुनाया. फिर भगवान, श्रीराम के वनवास जाने पर सीता जी के अंतर्मन के द्वंद्व को इतने जीवंत ढंग से चित्रित किया कि लगता था स्वयं सीताजी बोल रही हैं. इसके बाद एडवोकेट और कवयित्री, सुश्री सारिका गुप्ता ने पति के प्रति पत्नी के पवित्र बंधन को दर्शाती एक भक्ति रचना सुनाई, जिसने सदियों पुरानी साझेदारी की सुंदरता को जीवंत कर दिया. आईआईटी इंदौर के भौतिकी प्रो. राजेश कुमार ने हँसी-मज़ाक और तालियों के बीच एक व्यंग्यात्मक कृति पेश की. भौतिकी के नियमों को कविता में इस कुशलता से पिरोया कि सब हैरान और प्रसन्न हो उठे. डेंटल सर्जन और दिल से कवयित्री डॉ. प्रार्थना ने माँ-बेटी के बदलते रिश्ते पर मार्मिक कविताएँ सुनाईं. हैंडरिटेन लेटर से इंस्टाग्राम रील्स तक—पीढ़ियों के भावों के बदलाव को बहुत सुंदर ढंग से उकेरा.

### अन्य रचनाएं भी साझा कीं

शाम का समापन हुआ सुश्री भारती दीक्षित की मनमोहक कथा से—रानी दुर्गावती की वीरता की अमर गाथा . उनकी गहन वर्णन शैली ने सबको प्रेरित और मुग्ध कर दिया . कार्यक्रम में कई सदस्यों ने अपनी रचनाएँ भी साझा कीं . छह उत्कृष्ट कविताओं को अतिथियों ने चुना और प्रदर्शित कर सम्मानित किया . संचालन किया फ्लो इंदौर की जूनियर वाइस चेयरपर्सन श्रुति पुरोहित ने . (चेयरपर्सन) सीए श्वेता अग्रवाल ने सभी का स्वागत किया . प्रतिभागियों को सम्मानित किया . धन्यवाद ज्ञापन सीनियर वाइस चेयर वंदना गुजराती ने दिया .